श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय राष्ट्रीय राजमार्ग-727 पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। बेतिया से बगहा होते हुए उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-727 पर कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इस राजमार्ग पर स्थित लौरिया नामक जगह पर दो वर्ष पूर्व से ही टोल प्लाजा कार्यरत है। वहां सेवा शुल्क की भी वसूली की जा रही है। इस टोल प्लाजा पर नागरिक सुविधाओं का भी अभाव है, जैसे- पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, टो क्रेन तथा अग्निशामक वाहन इत्यादि।

महोदय, सड़क कार्य अपूर्ण होते हुए भी शुल्क वसूलना उचित नहीं है। अत: मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि लौरिया टोल प्लाजा पर यथाशीघ्र उपयोग की जाने वाली सुविधाओं को बहाल किया जाए और जब तक सड़क कार्य पूर्ण न हो, तब तक सेवा शुल्क न लिया जाए। धन्यवाद।